<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–06 फरवरी 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर दिया चर्चा का जवाब। कहा–भारत वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा के लिए पूरी तरह तैयार है।
- प्रधानमंत्री आज 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं को देंगे तनाव मुक्त रहने का मंत्र। आकाशवाणी, दूरदर्शन सहित अन्य प्लेटफॉर्म्स पर सुबह 10 बजे से प्रसारित होगा कार्यक्रम।
- नाबार्ड द्वारा आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी और राज्य फोकस पेपर 2026–27 के विमोचन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। कहा–डिजिटल गवर्नेंस ने बदल दी प्रदेश में ऋण स्वीकृति की तस्वीर।
- नौ से 20 फरवरी तक चलेगा उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र। ग्यारह फरवरी को पेश किया जाएगा बजट।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर कल चर्चा का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा के लिए पूरी तरह तैयार है और आत्मविश्वास तथा निर्णायक नीतिगत सुधारों के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

**हमने रिफॉर्म–परफॉर्म–ट्रांसफॉर्म के मंत्र को लेकर के आगे बढ़े और आज स्थिति ऐसी है कि देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर सवार हो चुका है। हमने स्ट्रक्चरल रिफॉर्म्स किए हैं। प्रोसेस से जुड़े रिफॉर्म किए हैं। पॉलिसिस में रिफॉर्म किए हैं। हमारा मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर, हमारे उद्यमी यह सशक्त हो। भारत की हर चीज का वैल्यू एडिशन हो।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि अमरीका के साथ व्यापार समझौते के बाद दुनिया का आत्मविश्वास और भी बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि भारत कई देशों का भरोसेमंद साझेदार है क्योंकि यह विश्व कल्याण में भूमिका निभा रहा है और वैश्विक मंचों पर विकासशील देशों की एक सशक्त आवाज बनकर उभरा है।

**भारत आज विश्व में जो चुनौतियां पैदा हो रही है उन चुनौतियों का समाधान देने वाला एक देश आशा की किरण बना हुआ है और हम समाधान दे रहे हैं। आज मेजर इकोनॉमी में भारत का ग्रोथ बहुत हाई है और हाई ग्रोथ और लो इन्फ्लेशन यह बहुत ही यूनिक संयोग है और यह हमारी अर्थव्यवस्था की मजबूती को प्रदर्शित करता है।**

प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया आशा भरी नजरों से भारत की ओर देख रही है क्योंकि देश के पास बहुत बड़ी संख्या में युवा प्रतिभा मौजूद है।

**जिस प्रकार से विश्व का भारत के प्रति आकर्षण बढा है और उसमें भी विश्व भारत की टैलेंट का महात्मय समझ रहा है। हमारे पास आज दुनिया का बहुत ही महत्वपूर्ण टैलेंट पूल है। युवा टैलेंट पूल है जिसके पास सपने भी है संकल्प भी है सामर्थ्य भी है।**

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह दस बजे 'परीक्षा पे चर्चा' के नौवें संस्करण में देश भर के विद्यार्थियों से बातचीत करेंगे। कार्यक्रम के लिए चार करोड़ पचास लाख से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने पंजीकरण कराया है। प्रधानमंत्री 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के माध्यम से छात्र– छात्राओं से संवाद कर उन्हें परीक्षाओं के दौरान तनावमुक्त रहने का मंत्र देते हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों में छात्रों को यह कार्यक्रम दिखाने के लिए विशेष इंतजाम किए गये हैं। अमरोहा की छात्रा नव्या चौधरी ने परीक्षा के समय सकारात्मक दिशा दिखाने के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया।

**परीक्षा पर चर्चा जो कार्यक्रम है वह हर साल आयोजित किया जाता है जिसे बच्चे कैसे परीक्षा को डर नहीं बल्कि आत्मविश्वास के साथ दें और जिसके लिए मैं प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को धन्यवाद देना चाहूंगी कि वह बच्चों की भावनाओं को समझते हैं और उन्हें सरल मार्गदर्शन प्रदान करवाते हैं।**

कार्यक्रम का प्रसारण आज प्रधानमंत्री के यूट्यूब चैनल, आकाशवाणी ,दूरदर्शन, शिक्षा मंत्रालय के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, वेव्स, ओटीटी और कई निजी मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर किया जाएगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में चीनी मांझे से एक युवक की गर्दन कटने से हुई मौत की घटना का संज्ञान लेते हुए इस पर लगे प्रतिबंध को कड़ाई के साथ लागू करने का निर्देश दिया है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को चीनी मांझे की रोकथाम के लिए प्रदेश भर में बड़े पैमाने पर छापेमारी और अभियान चलाने के निर्देश दिए। वहीं मेरठ जोन के एडीजी भानु भास्कर ने बताया कि चाइनीज मांझे की बिक्री के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

**जो अभियान चल रहे हैं चाइनीज मांझा के ऊपर उसमें माननीय मुख्यमंत्री जी के भी निर्देश प्राप्त हो रहे हैं। शासन के भी निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसमें जहां–जहां हम लोगों को चाइनीज मांझा मिल रहा है। उन सभी केसेस में हम लोग एफआईआर लिख रहे हैं**

**और साथ में वह पता कर रहे हैं कि बेचा कहां से गया है? बेचने वाले के खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ–साथ जो उस तरह की पतंग उड़ा रहा है, उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ में नाबार्ड द्वारा आयोजित राज्य ऋण संगोष्ठी और राज्य फोकस पेपर दो हजार छब्बीस–सत्ताईस के विमोचन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डिजिटल गवर्नेंस ने प्रदेश में ऋण स्वीकृति की तस्वीर बदल दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि एफपीओ, सहकारिता और एमएसएमई सेक्टर में मजबूती के परिणाम स्वरूप प्रदेश आठवें स्थान से देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरकर सामने आया है।

**जो यूपी बीमारू राज्य था आज वह देश का रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के साथ ही भारत की इकोनॉमी का ब्रेक थ्रू बन करके भारत की इकोनॉमी को एक मजबूती प्रदान कर रहा है। यूपी के अंदर 16 में प्रति व्यक्ति आए 43,000 थी। आज यह बढ़कर के 1,20,000 तक पहुंची है। फिस्कल डेफिसिट 3प्रतिशत से कम है यूपी का और यूपी गत 5 वर्ष से रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में अपने आप को स्थापित किया है।**

**********

प्रदेश के भारत नेपाल सीमा क्षेत्र में आज से 'गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा' का आयोजन किया जा रहा है। यह आठ फरवरी दो हजार छब्बीस तक चलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यात्रा संबंधी एक वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा है कि इस सेवा अभियान के माध्यम से एक स्वस्थ–समर्थ जनजातीय समाज तथा एक सशक्त–समर्थ राष्ट्र के निर्माण के संकल्प को साकार किया जा रहा है। श्री योगी ने इस आयोजन से जुड़े सभी चिकित्सकों, स्वयंसेवकों एवं आयोजकों को शुभकामनाएं दीं।

**आज स्वास्थ्य सेवा यात्रा उसी भाव को आत्मसात करते हुए भारत–नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में थारू, जनजातिय और वनटांगिया समुदाय के बीच स्वास्थ्य, सेवा और सामाजिक चेतना का दीप प्रज्जवलित कर रही है। वर्ष दो हजार उन्नीस से प्रारंभ हुई इस यात्रा के माध्यम से अब तक लाखों नागरिकों को निःशुल्क परामर्श, दवाई जांच और स्वास्थ्य जागरूकता का लाभ मिला है। फरवरी 25 में आयोजित पिछली यात्रा में दो लाख अट्ठारह हजार से अधिक नागरिकों तक सेवा पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि सेवा जब संकल्प बन जाए तो उसका प्रभाव व्यापक होता है।**

**********

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र नौ फरवरी से शुरू होगा। बीस फरवरी तक चलने वाले इस सत्र में ग्यारह फरवरी को बजट पेश किया जाएगा। एक रिपोर्ट–

**आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, नौ फरवरी को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल का अभिभाषण होगा, जिसमें दोनों सदनों के सदस्य उपस्थित रहेंगे। इस दौरान कुछ अध्यादेश और विधेयक भी सदन के पटल पर रखे जाएंगे। 11 फरवरी को वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना विधान सभा में बजट प्रस्तुत करेंगे। 13 फरवरी तक राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा चलेगी। 16 फरवरी से 20 फरवरी तक बजट पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। सत्र के अंतिम दिन सदन स्थगित होने से पहले उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक पारित कराया जाएगा। समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।**

**********

प्रदेश सरकार एवं प्राविधिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित संयुक्त प्रवेश परीक्षा दो हजार छब्बीस–जेईईसीयूपी के तहत आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि तीस अप्रैल दो हजार छब्बीस है। अधिक जानकारी के लिए विभाग की अधिकृत वेबसाइट को देखने की सलाह दी गई है।

**********

मौसम विभाग ने आज से लेकर आठ फरवरी तक प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी जिलों में तेज सतही हवाएं चलने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा।

**********